Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Shukla Smt. Karuna

Title : Alleged harrasment of traders by income tax officials in Chhattisgarh and other parts of the country.

श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर) : माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहूंगी। देश के विभिन्न राज्यों में राज्यों में विशोकर छत्तीसगढ़ राज्य में इनकम टैक्स विभाग सर्वे के नाम पर व्यापारियों से फिरौती वसूल कर रहा है जिसके कारण व्यापारियों में भारी असंतोा है। आयकर अधिकारी अपनी टीम के साथ धड़ल्ले से घुसते हैं और काउंटर पर कब्जा कर लेते हैं और व्यापारियों को भयभीत करते हैं जिससे उनके घरवाले परेशान हो जाते हैं। वे रात दिन उनकी खुशामद करते हैं और वे खुले आम पन्द्रह से बीस लाख रुपए फिरौती वसूल कर चले जाते हैं। मैंने इस संबंध में वित्त मंत्री जी को पत्र भी लिखा था लेकिन बहुत खेद का विाय है कि मेरे पत्र का जवाब मेरे पास नही आया।

माननीय सभापित महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहूंगी। आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती cÚÆ[c61]।